हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%)	₹115366/-
22 कैरेट रेट (91.60%)	₹140900/-
24 कैरेट रेट (99.99%)	₹153806/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

*Conditions apply

anand Jewels Pandri, Raipur

राष्ट्रपति पदकों की घोषणा आईपीएस कोटवानी को राष्ट्रपति पुरस्कार

नक्सलमुक्ति पर छग को बड़ा सम्मान, 141 को गैलेंट्री अवार्ड, 10 को सराहनीय सेवा का पदक

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुलिस पदकों की घोषणा की है। इस बार छत्तीसगढ़ पुलिस के 152 अधिकारी और पुलिस कर्मी अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित होंगे। इनमें 141 को वीरता पदक, 10 को सराहनीय सेवा पदक और 1 अधिकारी मोतीलाल कोटवानी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक दिया जाएगा।वीरता और अदम्य साहस का परिचय देने वाले सेना के जवानों, अफसरों और पुलिस अधिकारियों तथा जवानों को स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। नक्सल प्रभावित इलाकों में लंबे समय तक चलाए गए ऑपरेशन में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को इस बार खास तौर पर सम्मानित किया गया है। वीरता पदक पाने वाले प्रमुख अधिकारियों में आईजी पी. सुंदरराज, आईजी इंदिरा कल्याण एलेसेला, एएसपी ▶▶|शेष पेज6 पर

देशभर के 1,057 कर्मियों को अवार्ड

केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस 2026 के मौके पर पुलिस, फायर सर्विस, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और जेल सेवाओं के 1,057 कर्मियों को गैलेंट्री और सर्विस मेडल देने का ऐलान किया है। इनमें 301 गैलेंट्री मेडल, 92 प्रेसिडेंट्स मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विस और 664 मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस शामिल हैं। कुल 301 गैलेंट्री मेडल में 272 पुलिसकर्मी और 29 फायर सर्विस कर्मी शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा 197 कर्मी लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म यानी नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात हैं।

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अवकाश

इस अवसर पर 15 अगस्त शनिवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 17 अगस्त सोमवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।

प्रधान संपादक

खबर संक्षेप

स्वास्थ्य मंत्री नड्डा अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा को बेचैनी महसूस होने के बाद एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया। अस्पताल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नड्डा की कोरोनरी एंजियोग्राफी की गई। अस्पताल ने बताया कि उनकी हालत अभी स्थिर है और उन्हें निगरानी के लिए कार्डियोलॉजी विभाग में भर्ती किया गया है।

केंद्र सरकार ने जनगणना-2027 के लिए 40 सवालों की जारी कर दी है लिस्ट

आजादी के बाद पहली बार जनगणना में 'जाति' बतानी होगी कोविड वैक्सीनेशन की जगह भी

भारत की अगली जनगणना सिर्फ घर-घर जाकर नाम और उम्र पूछने तक सीमित नहीं रहने वाली है। जनगणना 2027 में पहली बार स्वतंत्र भारत में सामान्य जातियों की भी गिनती होगी। सरकार ने इसके लिए 40 सवालों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें जाति के साथ धर्म, मातृभाषा, शिक्षा, रोजगार, पलायन और परिवार से जुड़े सवाल होंगे। खास बात यह है कि लोगों से कोविड वैक्सीन कहां लगवाई थी, यह सवाल भी पूछा जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इस बार जनगणना का फॉर्म काफी बड़ा और डेटा के लिहाज से बेहद अहम होने वाला है। आजादी के बाद यह पहली बार होगा जब सभी समुदायों की जाति की जानकारी जनगणना में दर्ज की जाएगी। इसमें लोगों से एससी, एसटी या अन्य जाति के बारे में पूछा जाएगा। इससे पहले 2011 की जनगणना के फॉर्म में 29 सवाल थे। इसमें जाति से जुड़ी जानकारी के लिए सिर्फ एससी/एसटीका विकल्प था। जनगणना-2027 के सवालों की लिस्ट में जाति से जुड़ा सवाल नंबर 10 पर है, ▶▶|शेष पेज 6 पर

17 अगस्त से शुरू होगा दूसरा चरण



जानकारी रखी जाएगी गोपनीय

जनगणना का दूसरा चरण 17 अगस्त 2026 से लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश के बर्फीले क्षेत्रों में शुरू होगा। देश के बाकी हिस्सों में पापुलेशन एन्यूमरेशन का चरण फरवरी 2027 में कराया जाएगा। केंद्र के मुताबिक, लोगों की दी गई व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। सेंसस एक्ट की धारा 15 के तहत इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, आरटीआई के तहत नहीं दिया जा सकता और किसी कोर्ट में सबूत के तौर पर भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जनगणना पहले 2021 में होने वाली थी। इसे कोरोना महामारी के कारण टाल दिया गया था।

पूछे जाएंगे ये सवाल

व्यक्ति का नाम, परिवार के मुखिया से संबंध, लिंग, जन्मतिथि और पूरी हो चुकी उम्र, वर्तमान वैवाहिक स्थिति, शादी के समय उम्र, पति या पत्नी का नाम, व्यक्ति द्वारा बताई गई राष्ट्रीयता, धर्म, अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी)/जाति, पिता से संबंधित जानकारी, माता से संबंधित जानकारी, दिव्यांगता, मातृभाषा और अन्य ज्ञात भाषाएं, साक्षरता और डिजिटल साक्षरता की स्थिति, शिक्षण संस्थान में पढ़ाई की वर्तमान स्थिति, प्राप्त उच्चतम शैक्षणिक स्तर और विषय/स्ट्रीम, पिछले एक साल में किसी समय काम किया या नहीं, आर्थिक गतिविधि की श्रेणी, व्यवसाय, उद्योग, व्यापार या सेवा की प्रकृति, कामगार की श्रेणी, गैर-आर्थिक गतिविधि, काम की तलाश या काम के लिए उपलब्धता, ▶▶|शेष पेज 6 पर

बिल पास कराने रेलवे अफसर ने मांगी रिश्वत सीबीआई ने पकड़ा

दिल्ली, रायपुर और दुर्ग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे अफसर द्वारा पुराना बकाया बिल पास कराने के नाम पर ठेकेदार से रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद सीबीआई ने मामले में प्रारंभिक जांच कर आरोपी रेलवे अधिकारी को भिलाई तीन के रेलवे दफ्तर में रिश्वत लेते रंगे हाथों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर शाम रेलवे पीपी यार्ड में सीबीआई की टीम ने दबिश देने पहुंची।

केमिकल लगे नोटों से ट्रैप

गुरुवार को सीबीआई की टीम पीपी यार्ड भिलाई तीन पहुंची। टीम में करीब 10 अधिकारी मौजूद थे। इनमें दिल्ली के साथ रायपुर, दुर्ग की टीम के अधिकारी भी शामिल थे। टीम ने ठेकेदार दीपक वर्मा को केमिकल लगे नोटों से भरा लिफाफा देकर अफसर के पास भेजा। उड़के ने लिफाफा लिया, तभी सीबीआई की टीम ने कार्यालय में दबिश दी। रेलवे अधिकारी के हाथ धुलवाए गए। हाथों पर केमिकल का रंग दिखाई दिया। भिलाई तीन परस्थित पीपी यार्ड में भिलाई स्टील प्लांट के लिए आयरन ओर और कोक लेकर आने वाली मालगाड़ियों के रेक की अनलोडिंग के बाद वैगन की जांच की जाती है। एनएसपीसीएल के लिए कोक लेकर आने वाली मालगाड़ियों के वैगन भी यहां जांचे जाते हैं।

छत्तीसगढ़ शासन
वंदे मातरम् के गौरवशाली
150 वर्ष
हर घर
तिरंगा
9 से 17 अगस्त 2026
स्वामी विवेकानंद
स्वतंत्रता से सुरक्षा तक, विरासत से विकास तक, नई पहचान गढ़ रहा छत्तीसगढ़
80वें
स्वतंत्रता दिवस
15 अगस्त 2026
की समस्त छत्तीसगढ़ वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से
जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
सुशासन से समृद्धि की ओर...
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

बिलासपुर
शनिवार 15 अगस्त 2026
श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया
वर्ष : 26, अंक : 145
पृष्ठ : 12+20 = 32 मूल्य : 4.00***

मौसम
अधि. 27.8
न्यून. 25.8

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



जो कुछ भी है, ईश्वर की कृपा से है

अनुभव वृतांत
डॉ. हिमांशु द्विवेदी

ती न दिन पहले सोशल मीडिया पर अपने एक छायाचित्र के साथ अनायास ही एक पोस्ट लिखा था 'जो कुछ भी है, ईश्वर की कृपा से है।' यह वाक्य जीवन के अनुभव पर ही आधारित था। बीते कल उसी अनुभव से एक बार फिर गुजरने का अवसर मिला। मध्यप्रदेश अंतर्गत छतरपुर जिले के गढ़ा गाँव जाने का अवसर मिला, जहां पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्म हुआ। वही गढ़ा, जिसे आज बागेश्वर धाम के रूप में राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। एक दशक पहले तक यह इलाका देश के उन पिछड़े और बुनियादी सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में गिना जा सकता था, जहां सामान्य जरूरतों के लिए भी लोगों को संघर्ष करना पड़ता था। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में विकास की गति बहुत धीमी थी। लेकिन एक दशक के भीतर इस गाँव और पूरे इलाके की दशा और दिशा, दोनों बदल गई हैं। इस बदलाव को समझने के लिए किसी आंकड़े की जरूरत नहीं। गांव में प्रवेश करते ही तस्वीर सामने दिखाई देने लगती है। जिस गांव में कभी चाय पीने के लिए एक छोटी-सी टपरी ढूंढ़ना भी मुश्किल रहा होगा, आज वहां होटल, मोटल, धर्मशालाएं और भोजनालय बड़ी संख्या में दिखाई देते हैं। गांव की मूल आबादी से कई गुना अधिक लोग प्रतिदिन यहां आते-जाते हैं। यह संख्या कभी-कभी हजारों से लाखों में भी तब्दील हो जाती है। एक छोटे-से गांव का इस तरह तीर्थस्थल और आस्था के बड़े केंद्र में बदल जाना अपने आप में असाधारण घटना है। और इसके केंद्र में है-एक व्यक्ति। एक ऐसा व्यक्ति, जिसने स्वयं अत्यंत साधारण, अभावग्रस्त और संघर्षशील परिवार में जन्म लिया। दारिद्रय और अभावग्रस्त जीवन में जो भी दुखों की कल्पना की जा सकती है, वह उन्होंने बालपन में ही भोगा है। अपनी मां को महज एक साड़ी में महीनों गुजारते ▶▶| शेष पेज 6 पर

भगवान और भक्त बने आस्था के केंद्र

आज दुनिया जिस स्थान को बागेश्वर धाम के नाम से पुकारती है, दरअसल, वह छतरपुर जिले के छोटे से गांव गढ़ा में स्थित दो देवालयों से अपनी मूल पहचान पाता है। यहां एक ओर महादेव हैं, शिवलिंग के स्वरूप में। महादेव के दर्शन करते हुए अद्भुत अनुभूति होती है। शिवलिंग को देखकर ऐसा लगता है मानो आप स्वयं काशी विश्वनाथ के स्वरूप के दर्शन कर रहे हों। इस शिवलिंग के सम्मुख सदैव दीपक के माध्यम से प्रकाश रहता है। स्थानीय मान्यता है कि यहां विद्युत बल्ब प्रभावी नहीं रहते और दीपक की परंपरा निरंतर बनी हुई है। महादेव से कुछ ही दूरी पर हनुमान जी की प्रतिमा है। यही वह बालाजी हैं, जिनकी सेवा में आज पंडित धीरेंद्र शास्त्री स्वयं को समर्पित मानते हैं। वास्तव में बागेश्वर धाम की पहचान भी इसी बालाजी महाराज के नाम से जुड़ी हुई है। लेकिन आज जब देश के कोने-कोने से लोग यहां पहुंच रहे हैं, तो यह समझना कठिन हो जाता है कि कितने लोग बालाजी के दर्शन के लिए आ रहे हैं और कितने ▶▶| शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

रैना समेत 5 कॉमेडियन के खिलाफ केस रद्द

नई दिल्ली। दिव्यांगों के खिलाफ कमेंट के केस में सुप्रीम कोर्ट ने कॉमेडियन समय रैना समेत पांच के खिलाफ दर्ज केस शुक्रवार को रद्द कर दिए। इन पर इंजियाज गॉट लेटेंट शो में दिव्यांगों के खिलाफ कमेंट और उनका मजाक उड़ाने एफआईआर दर्ज की गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने ही दिव्यांगों के जागरूकता लाने की कोशिशों पर इन कॉमेडियंस की तारीफ की।

नायडू के केस में दखल से सुप्रीम कोर्ट ने किया इंकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और मंत्री पी नारायण के खिलाफ केस रद्द किया गया था। यह मामला राजधानी अमरावती की लैंड पूलिंग योजना में कथित गड़बड़ी से जुड़ा है। ।चिकाकर्ता ने जमीन में गड़बड़ी का आरोप लगाया था कि बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है। इसमें 25 हजार से ज्यादा किसानों की करीब 30 हजार एकड़ जमीन शामिल है।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हुए शामिल

सीएम साय बोले- विभाजन की पीड़ा एकता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश दे रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के संचालनालय पुरातत्व स्थित मुक्ताकाशी मंच में आयोजित 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के राज्य स्तरीय समारोह में कहा, इतिहास केवल अतीत की घटनाओं का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि वर्तमान को दिशा देने और भविष्य को सुरक्षित बनाने की सीख भी है। इसलिए विभाजन की विभीषिका और उससे मिले सबक को पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्मरण रखना आवश्यक है।

विभाजन की पीड़ा हमें देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को हर परिस्थिति में अक्षुण्ण रखने का संदेश देती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, वर्ष 1947 में देश का विभाजन केवल भू-भाग और सीमाओं का बंटवारा नहीं था। इस त्रासदी ने लाखों लोगों को अपनी जन्मभूमि, घर-बार और अपनों से बिछड़ने के लिए विवश कर दिया। बंगाली, सिख और सिंधी समाज सहित अनेक समुदायों के लाखों परिवारों ने विस्थापन की असहनीय पीड़ा झेली। जिन्होंने अपनी आंखों से उस ▶▶| शेष पेज 6 पर

मुख्यमंत्री मौन जुलूस में हुए शामिल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय संचालनालय पुरातत्व से अंबेडकर चौक तक आयोजित मौन जुलूस में भी शामिल हुए। मौन जुलूस के माध्यम से विभाजन की त्रासदी में प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं लक्ष्मी वर्मा, ▶▶| शेष पेज 6 पर

संगठित रहेंगे तो राष्ट्र भी संगठित : डॉ. द्विवेदी

समारोह के मुख्य वक्ता पद्मश्री डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने कहा, यदि समाज संगठित रहेगा तो राष्ट्र भी संगठित रहेगा। राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। डॉ. द्विवेदी ने कहा, विभाजन के कारण विस्थापित हुए लाखों लोगों के संघर्ष और त्याग को इतिहास में वह स्थान नहीं मिल पाया, जिसके वे अधिकारी थे। उन्होंने अपने घर, संपत्ति और अपनों को खोया, फिर भी कठिन परिस्थितियों में नए सिरे से जीवन खड़ा किया और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया। उनके संघर्ष और पुरुषार्थ को ▶▶| शेष पेज 6 पर

छत्तीसगढ़ के दो मजदूर सहित तीन अब भी लापता

चमोली के टनल में चल रहा अब भी रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तराखंड के चमोली जिले के मायापुर (पीपलकोटी) क्षेत्र में स्थित टीएचडीसी की निर्माणाधीन विष्णुगाड–पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टीआरटी टनल हादसे में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने का रेस्क्यू जारी है। तीन लोग अभी भी लापता हैं। लापता लोगों की पहचान झारखंड निवासी लुकास टोपनो तथा छत्तीसगढ़ निवासियों चेतन पोयाम और देवनाथ के रूप में हुई है, इनकी तलाश जारी है। गुरुवार देर शाम निर्माणाधीन सुरंग में मलबा और पानी भरने से कई मजदूर अंदर फंस गए थे। 7 लोगों की मृत्यु हो गई है।

ये हैं घायल

घायलों में शामिल सुनील दीवान, हारबिल गुड़िया, कमड़ा, निरस्तर भिंगरा, विनोद रावना, दीना बेगरा, खेला राम बिसरा, सुबेग सिंह, तिलकराज और पेन सिंह का गोपेश्वर स्थित जिला चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है। इनमें सुनील दीवान और पेन सिंह छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। बिहार निवासी रोहित पांडे को गढ़वाल अस्पताल भेजा गया है।

थोक महंगाई घटी, लेकिन खाने पीने की चीजें अब भी हैं महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ईंधन और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी के बीच थोक मुद्रास्फीति नौ महीने में मासिक आधार पर पहली बार घटकर जुलाई में 9.78 प्रतिशत रही। शुक्रवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक मुद्रास्फीति जून के महीने में 9.87 प्रतिशत रही थी।

इन्होंने बढ़ाई महंगाई

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि खनिज तेल (पेट्रोलियम उत्पादों सहित), खाद्य वस्तुएं, मूल धातुओं का विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुएं, खाद्य उत्पादों का विनिर्माण तथा रसायन एवं रासायनिक उत्पाद जुलाई की थोक महंगाई बढ़ाने वाले प्रमुख कारक रहे।

ईंधन एवं बिजली क्षेत्र की महंगाई घटी

ईंधन एवं बिजली क्षेत्र की महंगाई जुलाई में घटकर 20.05 प्रतिशत रह गई, जो जून में 27.41 प्रतिशत थी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई भी मामूली घटकर 5.44 प्रतिशत रही, जो जून में 5.49 प्रतिशत थी। हालांकि, विनिर्मित उत्पादों की महंगाई जुलाई में बढ़कर 8.29 प्रतिशत हो गई, जो जून में 7.48 प्रतिशत थी।



5 वर्ष का होगा कार्यकाल

छग भू-संपदा अपीलीय अधिकरण अध्यक्ष बनीं रिटायर्ड जज दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेवानिवृत्त न्यायाधीश रजनी दुबे छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर को छत्तीसगढ़ भू-संपदा अपीलीय अधिकरण रायपुर के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा भू-संपदा (विनियमन ▶▶| शेष पेज 6 पर

रेरा अपीलीय अधिकरण क्या है

भू-संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 का उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र को विनियमित एवं प्रोत्साहित करना, परियोजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा आवंटियों/उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और विवादों के त्वरित निपटारे के लिए प्रभावी व्यवस्था स्थापित करना है।

15 अगस्त से एक दिन पहले हड़कंप

लालकिला समेत 6 जगह को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लाल किला, दिल्ली हाईकोर्ट, आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 समेत 6 जगहों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले मिली इस धमकी से सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट मोड में हैं। धमकी भरे ई-मेल में दिल्ली हाईकोर्ट और जिला अदालत में धमाके के समय का भी जिक्र किया गया है।

खालिस्तान के नाम पर ई-मेल

दरअसल, 15 अगस्त से पहले खालिस्तान के नाम पर धमकी भरा ई-मेल मिला है। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट में दोपहर 2:11 बजे धमाके का दावा किया गया है। वहीं, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में 3:11 बजे ब्लास्ट की धमकी दी गई है। ई-मेल में 15 अगस्त को धमाके करने की बात कही गई है और संदेश में लिखा है-

मरम्मत के अभाव में पुल के स्लैब में आई गई थी दरारें

भारी बारिश से बहा धोंधा में करोड़ों का पुल, दर्जनों गांव के लोग प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रतापपुर

सूरजुपर जिले के प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम धोंधा स्थित नदी पर बना पुल रातभर हुई बारिश में बह गया। पुल का निर्माण 10 करोड़ की लागत से किया गया था। गुरुवार को रातभर बारिश हुई। सुबह जब लोगों की आंखें खुलीं और नदी की ओर पुल से होकर दर्जनों गांवों के लोगों की आवाजाही होती थी।

दिए गए जांच के निर्देश

ग्राम पंचायत धोंधा स्थित नदी पर बने पुल के बह जाने की जानकारी मिली है। संबंधित विभाग को जांच कर कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

-श्रीमती रेना जमील, कलेक्टर सूरजपुर

हजारों लोगों की बढ़ी मुसीबतें

पुल के ध्वस्त होने से आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों के सामने आवागमन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। नदी के दोनों ओर रहने वाले लोगों का संपर्क प्रभावित हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार अब क्षेत्र के लोगों को लंबा और कठिन रास्ता अपनाना पड़ सकता है। बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर होने की आशंका है। पुल की स्थिति पहले से ही खराब थी।

चिंतन

आजाद देश में अपशब्द कहने की आजादी नहीं

लोकतंत्र में सत्ता से सवाल पूछना और सरकार की नीतियों की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक असहमति को व्यक्तिगत अपमान और अभद्र भाषा में बदल देना लोकतांत्रिक मर्यादा के लिए गंभीर चुनौती है। देश को ऐसी राजनीति की जरूरत है, जिसमें कटाक्ष की जगह मुद्दे हों, आरोपों की जगह तथ्य हों और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच संवैधानिक पदों की गरिमा कायम रहे। नेता बदलते रहेंगे, लेकिन लोकतांत्रिक मर्यादा और जनता का सम्मान स्थायी रहना चाहिए। ऐसे में आजाद देश में किसी को अपशब्द कहने की आजादी कतई नहीं हो सकती। ऐसे में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा भाजपा और आरएसएस पर मनुवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाना कहां तक उचित है? लोकतंत्र में असहमति की जगह जितनी बड़ी है, सार्वजनिक जीवन में मर्यादा की जरूरत भी उतनी ही है। राजनीतिक बहस जब तर्क से हटकर व्यक्तिगत कटाक्ष और सार्वजनिक उपहास में बदल जाती है तो चोट केवल किसी व्यक्ति को नहीं लगती, लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता भी गिरती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हल्द्वानी रैली के बाद मंच के 'शुद्धिकरण' का विवाद इसी व्यापक राजनीतिक गिरावट के बीच सामने आया है। यहां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह कहना महत्वपूर्ण है कि ऐसी घटना दुखद है और भाजपा ऐसी गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। यदि किसी स्तर पर भेदभावपूर्ण व्यवहार हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर कानून के मुताबिक कार्रवाई भी। लोकतंत्र में किसी गलत घटना का विरोध करते हुए भी शब्दों की मर्यादा कायम रखना जरूरी है। अन्यथा एक गलत व्यवहार दूसरे गलत व्यवहार के लिए बहाना बन जाता है और समाज लगातार टकराव की ओर बढ़ता जाता है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। यह पद उन्हें सरकार से सवाल पूछने की असाधारण जिम्मेदारी देता है। उन्हें बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक न्याय, आर्थिक असमानता और संवैधानिक संस्थाओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहिए, लेकिन यदि हर राजनीतिक विवाद को व्यक्तिगत हमले और उत्तेजक भाषा में बदल दिया गया तो विपक्ष की गंभीरता स्वयं कमजोर होगी। जनता विपक्ष से केवल सरकार की आलोचना नहीं, बेहतर विकल्प की अपेक्षा करती है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी भी इससे कम नहीं है। विपक्ष की तीखी भाषा का जवाब उससे भी तीखे व्यक्तिगत हमले से देना स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा नहीं हो सकती। लोकतांत्रिक मर्यादा का पैमाना सत्ता और विपक्ष के लिए अलग-अलग नहीं हो सकता। आज राजनीति सोशल मीडिया के दौर में है, जहां एक उत्तेजक वाक्य कुछ मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाता है। इसलिए नेताओं के शब्दों की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। मीम और वायरल क्लिप तत्काल राजनीतिक लाभ दे सकते हैं, लेकिन वे बेरोजगारी नहीं मिटाते, महंगाई कम नहीं करते और सामाजिक विश्वास नहीं बनाते। आजाद देश में बोलने की आजादी लोकतंत्र की ताकत है, लेकिन अपशब्द बोलने की आजादी लोकतंत्र की पहचान नहीं हो सकती। असहमति को दबाया नहीं जाना चाहिए, मगर असहमति की भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो समाज को जोड़े। चुनाव आते-जाते रहेंगे, सरकारें बदलती रहेंगी और नेता भी बदलेंगे; स्थायी रहना है तो संविधान, संस्थाओं और नागरिक गरिमा का सम्मान। यही परिपक्व लोकतंत्र की कसौटी है। सत्ता सवालों से न डरे, विपक्ष तर्क से न भागे और दोनों भाषा की मर्यादा न भूलें।

स्वतंत्र भारत के मशालवाहक

विचार
सीपी राधाकृष्णन

भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के इस महत्वपूर्ण अवसर पर मैं प्रत्येक भारतवासी को हार्दिक बधाई देता हूं। साथ ही, मैं उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सादर नमन करता हूं, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

पिछले सप्ताह अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की अपनी यात्रा के दौरान मुझे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हमारे राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा महान देशभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा तिरंगा फहराए जाने की ऐतिहासिक स्मृति को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मेरे लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण अनुभव था कि मैं उस पवित्र धरती पर खड़ा था, जहां नेताजी की आज़ाद हिंद फ़ौज ने 30 दिसंबर 1943 को भारत की भूमि पर पहली बार तिरंगा फहराया था। इस अवसर ने मुझे सितंबर 1939 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मदुरै यात्रा का भी स्मरण कराया, जब वे महान स्वतंत्रता सेनानी पसुम्पोन मुथुरामलिंगा थेवर के निमंत्रण पर वहां पहुंचे थे। उस ऐतिहासिक क्षण ने क्षेत्र के असंख्य देशभक्तों के हृदय में स्वतंत्रता की अलख जगाई।

अंडमान स्थित राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल की मेरी यात्रा एक अन्य अत्यंत प्रेरणादायी क्षण रही।

इसी जेल में भारत माता के महान सपूत वीर सावरकर, योगेंद्र शुक्ल, बटुकेश्वर दत्त, सचिंद्र नाथ सान्याल और अनेक अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को औपनिवेशिक शक्तियों द्वारा कैद कर एकांत कारावास में रखा गया था। आज भी राष्ट्रीय स्मारक की ये दीवारें उन वीरों के साहस, उन्हें दी गई यातनाओं और सर्वोच्च बलिदान की गाथाएं सुनाती प्रतीत होती हैं, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया। इस यात्रा ने मुझे उन सभी राष्ट्रनायकों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप यह लेख लिखने को प्रेरित किया, जिन्होंने करोड़ों लोगों के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की और राष्ट्र को स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ाया।

9 अगस्त को, जब हम भारत छोड़ो आंदोलन की स्मृति मना रहे थे, मुझे अंडमान द्वीप समूह में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ। वर्ष 1942 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान करते हुए राष्ट्र को करो या मरो का ओजस्वी नारा दिया था। इस आह्वान के परिणामस्वरूप पूरे देश में आजादी प्राप्त करने की प्रबल आकांक्षा व्याप्त हो गई।

आज हमें उसी स्वतंत्रता सेनानी पीढ़ी के कारण स्वतंत्रता की हवा में सांस लेने और लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत संवैधानिक अधिकारों के साथ जीवन जीने का सौभाग्य प्राप्त है, जिन्होंने अपने समय की औपनिवेशिक शक्तियों के विरुद्ध संघर्ष किया। उस समय देश के कोने-कोने में करोड़ों वीर स्वतंत्रता सेनानी अटूट समर्पण और त्याग के साथ इस संघर्ष में शामिल हुए तथा अनेक वीरों ने भारत माता की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

स्वतंत्रता सेनानियों की गौरवगाथा

स्वतंत्रता सेनानी चाहे उत्तर में कश्मीर से हों या दक्षिण में तमिलनाडु से, पश्चिम में गुजरात से हों या पूर्व में असम से—देश के सभी क्षेत्रों, वर्गों, आयु समूहों और लिंगों के लोगों ने भारत माता की स्वतंत्रता के साझा लक्ष्य के लिए एकजुट होकर संघर्ष किया।

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रतिरोध की अमर प्रतीक बनीं रानी लक्ष्मीबाई का शौर्य, मंगल पांडे का साहस और बाल गंगाधर तिलक का वह निर्भीक उद्घोष—स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा—स्वतंत्रता की ओर बढ़ते राष्ट्र के प्रत्येक कदम को शक्ति प्रदान करता रहा।

इसी क्रम में वीओ चिदंबरम पिल्लै ने भारत का पहला स्वदेशी पोत-परिवहन उद्यम शुरू कर औपनिवेशिक शासन के आर्थिक प्रभुत्व को चुनौती दी। इससे यह सिद्ध हुआ कि स्वतंत्रता का संघर्ष केवल रणभूमि तक सीमित नहीं था, बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक क्षेत्र में भी लड़ा गया था।

भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की क्रांतिकारी भावना ने आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता के लिए त्याग और बलिदान का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं रानी गैदिनल्यू की अदम्य भावना ने पूर्वोत्तर भारत में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रतिरोध की लौ प्रज्वलित रखी।

असम की युवा वीरांगना कनकलता बरुआ भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करते हुए अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर अदम्य साहस के साथ आगे बढ़ीं और अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। भगवान बिरसा मुंडा तथा अनेक जनजातीय नेताओं ने भी औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध ऐतिहासिक प्रतिरोध का नेतृत्व किया। इतिहास के पन्नों में ऐसी असंख्य गाथाएं हैं, जो साहस, संघर्ष, धैर्य

और दृढ़ संकल्प से भरी हुई हैं। इन सभी गाथाओं ने मिलकर साहस और बलिदान की समृद्ध विरासत का निर्माण किया है। वे हमें याद दिलाती हैं कि भारत की स्वतंत्रता अनगिनत वीरों के सामूहिक संकल्प से प्राप्त हुई थी और उनकी विरासत आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करती है।

स्वतंत्रता आंदोलन में तिरुप्पुर का योगदान

इस स्वतंत्रता दिवस पर मैं तिरुप्पुर कुमारन को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं, जिन्हें लोकप्रिय रूप से कोडी काथा कुमारन अर्थात ध्वज की रक्षा करने वाले कुमारन के नाम से जाना जाता है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मेरे पैतृक स्थान तिरुप्पुर में उन्होंने आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। मृत्यु निकट जानते हुए भी उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को धरती पर नहीं गिरने दिया। इसी कारण उन्हें यह सम्मानजनक उपाधि मिली।

कम उम्र में ही कुमारन के हृदय में देशभक्ति की लौ प्रज्वलित हो उठी थी। स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है के आह्वान से प्रेरित होकर वे स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए। महात्मा गांधी के आदर्शों से अत्यंत प्रभावित होकर कुमारन जी ने लोगों, विशेषकर युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना जगाने के लिए देशबंधु युवा संघ की स्थापना की। कुमारन का दृढ़ विश्वास था कि सच्ची स्वतंत्रता तभी प्राप्त की जा सकती है, जब लोग औपनिवेशिक शासन के अन्याय के प्रति जागरूक हों और उसके विरुद्ध संघर्ष करने का साहस तथा स्पष्ट दृष्टि विकसित करें।

गांधीवादी सामाजिक सुधार के सिद्धांतों के प्रति समर्पित कुमारन ने मद्यनिषेध अभियान को भी सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया। वे इसे सामाजिक और राष्ट्रीय पुनर्जागरण की दिशा में आवश्यक कदम मानते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने ताड़ी की दुकानों के सामने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और लोगों को मद्यपान से दूर रहने तथा आत्म-अनुशासन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

10 जनवरी 1932 को सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान कुमारन ने एक जुलूस का नेतृत्व किया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे वे कुछ साहसी साथियों के साथ आगे बढ़े और तिरुप्पुर की सड़कों पर वंदे मातरम् के जोशीले नारे गूंज उठे।

औपनिवेशिक शक्तियों ने इस समूह पर हमला कर दिया। वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए और राष्ट्रीय ध्वज को अपने शरीर से लगाए कुमारन के सिर पर गंभीर चोटें आईं और राष्ट्र के लिए उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मृत्यु के समय उनकी आयु मात्र 27 वर्ष थी।

जब मैं तिरुप्पुर कुमारन की आयु का उल्लेख करता हूं, तो मुझे उन अनेक युवाओं की याद आती है, जिन्होंने भारत माता के लिए अपने प्राण बलिदान कर दिए। इनमें भगत सिंह (23 वर्ष), सुखदेव (23 वर्ष), राजगुरु जी (22 वर्ष), खुदीराम बोस जी (18 वर्ष), कनकलता बरुआ (18 वर्ष), अनंत लक्ष्मण कान्हेरे (19 वर्ष), वंचिनाथन (25 वर्ष) और ऐसे अनेक युवा शामिल हैं। उन्होंने नश्वर जीवन त्याग कर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अमर स्थान प्राप्त किया।

मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस पहल की सराहना करता हूं, जिससे राष्ट्रीय आंदोलन के उन गुमनाम नायकों को देश के सामने लाया जा रहा है, जिनका योगदान लंबे समय तक इतिहास के पन्नों में अपेक्षाकृत अनदेखा रहा। मैं सभी ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस ऐतिहासिक अवसर पर आइए, हम अपनी मातृभूमि के प्रति अपने दायित्वों पर चिंतन करें और अपनी प्रतिबद्धता पुनः दृढ़ करें। इस अमृतकाल में 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के स्वयं को समर्पित करें और राष्ट्र की प्रगति तथा समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करें। यही उन वीर सपूतों के प्रति हमारी सबसे सच्ची और उचित श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने अटूट साहस के साथ संघर्ष किया और हमारी स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण उत्सर्ग किए।

(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं।)

सारा संसार

पुडुचेरी का मनकुला विनयगर मंदिर गणेश जी का 300 साल से भी ज्यादा पुराना मंदिर है, जो बंगाल की खाड़ी के पास स्थित है। मनकुला नाम का मतलब रेत का तालाब है। यह मंदिर अपनी स्वर्ण रथ यात्रा और हाथियों के आशीर्वाद के लिए काफी प्रसिद्ध माना जाता है। इस मंदिर में विराजमान गणपति जी को वरसिद्धि विनायक के नाम से जाना जाता है।

अहंकार को त्यागने और अनुशासन से मिलती है सफलता



संकलित
दर्शन

आज के समय में ज्योतिषी या अध्यात्मिक गुरु के पास आने वाले अधिकांश लोग किसी चमत्कार या शॉर्टकट की तलाश में होते हैं। वे चाहते हैं कि कोई रत्न पहन लेने से या कोई छोटा सा उपाय कर लेने से उनके जीवन के सारे कष्ट बिना किसी परिश्रम अथवा बिना किसी आत्म-परिवर्तन के दूर हो जाएं। अगर सूर्य से व्यक्ति को लाभ न मिल रहा हो तो ज्योतिष के साधारण नियम अनुसार, उसे बलवान करने के लिए माणिक्य रत्न पहनाया जाता है। यदि किसी की जन्मकुंडली में सूर्य कमजोर है और ज्योतिषी ने उसे मान-सम्मान वृद्धि के लिए अपने भीतर के अहंकार को त्यागने और अनुशासन लाने को कहा, तो शायद यह बात सामने वाले जातक को उतनी अच्छी न लगकर केवल उपदेशात्मक लगे। अनुभव में आया है कि जातक ने सूर्य का रत्न तो पहन लिया, लेकिन यदि जातक अपने अहंकार को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, तो केवल सूर्य का रत्न पहन कर भी उसे पूर्ण सफलता नहीं मिलती, ऐसे में वह सारा दोष रत्न, ज्योतिषी या गुरु को देगा, अपने व्यवहार को नहीं। एक सच्चा गुरु या ज्योतिषाचार्य इस मानवीय स्वभाव को भली-भांति जानता-समझता है। कबीरदास जी ने गुरु और शिष्य के इस संबंध को बहुत ही अच्छे ढंग से कहा है- गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट। अन्तर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट।। शास्त्रों में एक उदाहरण आता है, यदि वर्षा की बूंदें स्वाति नक्षत्र की भी हों, तब भी वे सीप में गिरकर ही मोती बनती हैं।

सच्चा प्रेम में आजादी, मोह में अधिकार की भावना

संकलित
प्रेरणा

किसी के साथ रहना अच्छा लगना प्रेम हो सकता है, लेकिन उसके बिना बेचैन हो जाना हमेशा प्रेम नहीं होता। कई बार रिश्तों में अपनापन और अधिकार की भावना इतनी घुल जाती है कि हमें पता ही नहीं चलता कि हम प्यार कर रहे हैं या सामने वाले से मोह करने लगे हैं। प्रेम में मन को विस्तार मिलता है, जबकि मोह धीरे-धीरे मन को बांधने लगता है। श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं में भी आसक्ति, अपेक्षा और मन की स्थिरता को लेकर गहरी बातें कही गई हैं। सच्चा प्रेम किसी व्यक्ति को अपनी इच्छाओं के अनुसार बदलने की कोशिश नहीं करता। इसमें सामने वाले की पसंद, भावनाओं और स्वतंत्रता का सम्मान होता है। इसके विपरीत मोह में यह भावना मजबूत होने लगती है कि दूसरा व्यक्ति हमेशा हमारे मुताबिक व्यवहार करे। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं- 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।' अर्थात मनुष्य का अधिकार कर्म करने पर है, उसके परिणाम पर नहीं। रिश्तों में भी इस सीख को समझा जा सकता है। प्रेम करें, अपना व्यवहार सच्चा रखें, लेकिन सामने वाला उसी तरह प्रतिक्रिया दे, इसकी जिद न करें। अगर किसी रिश्ते में सच्चा प्रेम है तो दूरी या व्यस्तता के बावजूद विश्वास बना रहता है। लेकिन, मोह बढ़ने पर व्यक्ति बार-बार यह सोच सकता है कि कहीं दूसरा उसे छोड़ न दे। फोन का जवाब देर से मिलना, कम बातचीत होना या अकेले समय बिताना भी बेचैनी पैदा करने लगता है।

स्वतंत्रता दिवस विशेष

डॉ. नरेश मिश्र

हिंदी: स्वतंत्रता की आवाज से राष्ट्र की अभिव्यक्ति तक

पंद्रह अगस्त केवल उस दिन की स्मृति नहीं है, जब भारत ने अंग्रेजी शासन की बेड़ियां तोड़ी थीं। यह उस आत्मसम्मान की याद भी है, जिसने एक गुलाम देश को स्वतंत्र राष्ट्र बनने का साहस दिया। लेकिन स्वतंत्रता के आठ दशकों बाद भी एक प्रश्न हमारे सामने खड़ा है-जिस हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारत की आवाज बनकर देश को जोड़ा, वह आज भी 'राष्ट्रभाषा' क्यों नहीं कहलाती? हिंदी केवल एक भाषा नहीं, करोड़ों भारतीयों की संवेदना, संवाद और अभिव्यक्ति है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिंदी ने भाषाई विविधताओं के बीच राष्ट्रीय चेतना का सेतु बनाया।

'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' जैसे उद्घोषों में देश की धड़कन सुनाई देती थी। महात्मा गांधी का स्पष्ट मत था—"राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।" आज हिंदी का संसार और भी व्यापक हो चुका है।

साहित्य से सिनेमा तक, समाचार से सोशल मीडिया तक और बाजार से वैश्विक मंचों तक हिंदी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रही है। दुनिया भारत को जिस तेजी से जान रही है, उसी तेजी से हिंदी भी भारत की पहचान बनकर उभर रही है। फिर भी विडंबना देखिए—हम हर वर्ष हिंदी दिवस, हिंदी सप्ताह और हिंदी पखवाड़ा मनाते हैं, हिंदी के गौरव का बखान करते हैं, लेकिन हिंदी के राष्ट्रीय स्वरूप पर गंभीरता से विचार करने से बचते हैं। यह प्रश्न किसी अन्य भारतीय भाषा के विरोध का नहीं है।

भारत की शक्ति उसकी भाषाई विविधता में है। प्रश्न केवल इतना है कि इस विविधता के बीच वह भाषा, जिसने सदियों से जनमानस को जोड़ा और स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना को स्वर दिया, उसे उसके उचित सम्मान की दृष्टि से कब देखा जाएगा? तिरंगा हमारी आंखों में भारत का स्वाभिमान जगाता है, राष्ट्रगान हमारे हृदय में राष्ट्रभाव भरता है और हिंदी करोड़ों कंठों को अभिव्यक्ति देती है। इस स्वतंत्रता दिवस पर आइए, हिंदी को किसी भाषा के विरुद्ध नहीं, बल्कि भारतीय एकता, संस्कृति और राष्ट्रीय संवाद की सशक्त कड़ी के रूप में देखें। क्योंकि सवाल केवल यह नहीं कि हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं है; सवाल यह भी है कि जिस भाषा में करोड़ों भारतीय अपने मन की बात कहते हैं, क्या हमने कभी उस आवाज को पूरे मन से सुना है? यही प्रश्न इस स्वतंत्रता दिवस पर हमारे मन में रहना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

स्वतंत्रता दिवस

पुरी। ओडिशा के पुरी में कलाकार सुदर्शन पटनायक के बनाए गए 80वें स्वतंत्रता दिवस को दर्शाता एक सैंड आर्ट (रेत की कलाकृति)। इसे देख कर समुंद्र तट से गुजरने वाले अभिभूत हो गए।

आज की पाती

आयकर के प्रति गंभीरता जरूरी

वर्ष 1860 को सर जेम्स विल्सन ने कर व्यवस्था को शुरू किया था। आयकर दिवस मनाने का मुख्य कारण करदाताओं का देश के विकास में जो महत्वपूर्ण योगदान है, उसके लिए इन्हें सम्मान देना और लोगों को आयकर के प्रति जागरूक करना भी है। जितने भी करदाता हैं, चाहे वो बिजनेसमैन हों, छोटे-बड़े उद्योगपति हों, दुकानदार या अन्य कोई भी, इन सभी का देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। सरकारें आमजन को जितनी भी मुफ्त की सुविधाएं देती हैं वो भी इन्हीं करदाताओं की बदौलत हैं। देश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने में टैक्स प्रणाली का बहुत बड़ा योगदान होता है। कर देने वालों का सम्मान जरूरी है, ताकि देश में विकास कार्य न रुकें।

– नारायण देवांगन, भिलाई

करंट अफेयर

उत्तर कोरिया ने की अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास की निंदा

सियोल। उत्तर कोरिया ने अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को युद्ध का पूर्वाभ्यास बताते हुए शुक्रवार को इसकी निंदा की और आत्मरक्षा के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने की धमकी दी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं सोमवार से अपना वार्षिक व्यापक सैन्य अभ्यास शुरू करेंगी। दोनों देशों ने कहा है कि इस साल अभ्यास का दायरा पिछले वर्षों के समान होगा। दोनों सहयोगी देशों ने कहा है कि 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' अभ्यास का उद्देश्य उत्तर कोरिया के खतरों से निपटने की उनकी तैयारियों को मजबूत करना है। उन्होंने दोहराया कि यह अभ्यास रक्षात्मक प्रकृति का है। उत्तर कोरिया की चेतावनी से संकेत मिलता है कि वह आगामी दिनों में हथियारों के और परीक्षण कर सकता है। उसके पड़ोसी देशों ने पिछले सप्ताह उत्तर कोरिया के पूर्वी तट से दो बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण की जानकारी दी थी। उत्तर कोरिया ने इन प्रक्षेपणों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन विशेषज्ञों का आकलन है कि इनका संभावित उद्देश्य अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास का विरोध करना या हथियार प्रणालियों को उन्नत करना था। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को सरकारी मीडिया में जारी एक बयान में अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को 'आक्रामक युद्ध का ऐसा पूर्वाभ्यास'' बताया जिससे 'क्षेत्र में अलग स्तर की अस्थिरता पैदा हो रही है।'

ऑफ बीट

दूसरे के गलत होने का अहसास भी करता है परेशान

वॉशिंगटन। टीके, जलवायु परिवर्तन या चुनाव जैसे मुद्दों पर मतभेद अक्सर इतने व्यक्तिगत क्यों महसूस होते हैं? एंड्रास मोलनार (मिशिगन विश्वविद्यालय) और जॉर्ज लोवेनस्टीन (कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय) का कहना है कि हमारे शोध से पता चलता है कि ऐसा केवल इसलिए नहीं होता कि दूसरे लोगों की मान्यताएं हमसे अलग होती हैं, बल्कि इसलिए होता है, क्योंकि हमें लगता है कि उनकी मान्यताएं गलत हैं। हम व्यवहार विज्ञान के शोधकर्ता हैं और राजनीति तथा रोजमर्रा की जिंदगी में मान्यताओं की भूमिका का अध्ययन करते हैं। हमारे नए शोध में पाया गया है कि लोग दूसरों की मान्यताओं से तब ज्यादा परेशान होते हैं, जब उन्हें लगता है कि वे मान्यताएं केवल उनसे अलग नहीं हैं, बल्कि गलत सूचनाओं पर आधारित हैं। उदाहरण के लिए, दो लोग आव्रजन के आदर्श स्तर को लेकर असहमत हो सकते हैं। लेकिन, अगर उनमें से एक का मानना है कि प्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में अधिक अपराध करते हैं और दूसरा व्यक्ति आंकड़ों के आधार पर इसके विपरीत मानता है, तो उनकी असहमति वास्तविकता और सच्चाई को लेकर विवाद में बदल जाती है। यह अंतर महत्वपूर्ण है, क्योंकि ध्रुवीकरण पर होने वाली सार्वजनिक बहस अक्सर एक सामान्य विचार से शुरू होती है, लोग उन लोगों को पसंद करते हैं जो उनके जैसा सोचते हैं।

ट्रेंड

ज़ीरो टॉलरेंस

नशीले पदार्थों के ख़िलाफ़ 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए एनसीबी ने ड्रग तस्करी के सरगना व भगोड़े वीरेंद्र सिंह बसोया को यूएई से वापस लाने में सफलता हासिल की है।

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

राष्ट्रीय ध्वज

राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' सभी को जोड़ता है... आम नागरिकों से लेकर साधु-संतों और त्यागियों तक, यह सबको अपनी ओर आकर्षित करता है और उन लोगों के दिलों-दिमाग में राष्ट्रवाद और गर्व की भावना जगाता है जो हिंदुस्तान को अपने भीतर बसाए हुए हैं।

- **स्मृति ज़ेड ईरानी,** पूर्व कैबिनेट मंत्री

माइंस एंड मिनरल्स बिल

संसद ने बिना किसी बहस के 'माइंस एंड मिनरल्स बिल' पास कर दिया, लेकिन इसके संघीय ढांचे पर बुरे असर पड़ सकते हैं। यह बिल सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को पलटता है, तटीय राज्यों को उनके जायज़ राजस्व से वंचित करता है और निश्चित रूप से इसे कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।

- **शशि थरूर,** सांसद, कांग्रेस

मिलावट की समस्या

आज देश में मिलावट की समस्या प्रमुखता से सामने आ रही है। मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थ जन-स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है।

- **कमलनाथ,** पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

नालसार विवाद पर बीसीआई को फटकार, सीजेआई बोले- यह छात्रों और मेरा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का संवैधानिक अधिकार है और इसमें बार काउंसिल ऑफ इंडिया को हस्तक्षेप करने का कोई हक नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च (नालसार) के साल 2026 के स्नातक बैच के छात्रों के पक्ष में खड़े होते हुए उनके खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर तुरंत रोक लगा दी है।

बता दें कि बीसीआई ने सभी राज्यों के बार कौंसिल को नालसार से पास होने वाले विद्यार्थियों को वकील के रूप में नामांकित करने से मना किया था। इसके बाद 14 अगस्त को वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर ने सीजेआई की पीठ के समक्ष इस गंभीर विषय का मौखिक रूप से उल्लेख किया। इस पर सीजेआई ने सख्त टिप्पणी की है।

बीसीआई ने कहा- आदेश वापस ले लिया गया

इस बीच कोर्ट ने निर्देश दिया कि बीसीआई या किसी भी राज्य बार काउंसिल द्वारा किसी भी विधि विश्वविद्यालय के छात्रों या संकाय के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। बीसीआई के वकील ने बताया कि विवादित आदेश पहले ही वापस ले लिया गया है। इस पर सीजेआई ने कहा, कृपया सभी छात्रों को नामांकन कराने और सुप्रीम कोर्ट बार में शामिल होने के लिए कहें, हम उन्हें कानूनी सहायता पाठ्यक्रमों के लिए सूचीबद्ध करेंगे।

क्या है पूरा मामला?

यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब नालसार के दीक्षांत समारोह 2026 में सीजेआई सूर्यकांत को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का प्रस्ताव रखा गया। विश्वविद्यालय के स्नातक होने वाले छात्रों ने सीजेआई को बुलाने का कड़ा विरोध शुरू कर दिया। छात्रों का आरोप था कि दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कथित ज्यादतियों और लाठीचार्ज से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई की टिप्पणियां और उनका आचरण न्यायसंगत नहीं था।

छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का संवैधानिक अधिकार

सीजेआई ने मामले पर की टिप्पणी

सीजेआई ने सुनवाई के दौरान बीसीआई द्वारा छात्रों के वकालत पंजीकरण पर रोक लगाने वाले परिपत्र पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा, अगर उनके विरोध करने का कोई कारण है, तो बीसीआई का इससे कोई लेना-देना नहीं है। यह मेरे और छात्रों के बीच का संवाद है। छात्रों को विरोध करने का अधिकार है और बीसीआई इसमें हस्तक्षेप करने वाले कौन होते हैं? बीसीआई का इससे कोई सरोकार नहीं है कि छात्र क्या कर रहे हैं।

मैं भी छात्र रहा हूं और मैंने भी... : सीजेआई

सीजेआई ने कहा कि जब वे छात्र थे तब वे स्वयं छात्र गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे और छात्रों को शांतिपूर्वक अपनी आवाज उठाने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं भी छात्र रहते हुए छात्र गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल था। वे शांतिपूर्वक अपनी आवाज उठा रहे हैं और उन्हें इसकी अनुमति दी जानी चाहिए। मौखिक सुनवाई के दौरान मामले पर विचार किया गया और सर्वोच्च न्यायालय ने नोटिस जारी किया।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर बोले मोदी

देश का विभाजन लोगों के दर्द को याद करने का दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार और बीजेपी ने 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाते हुए विभाजन के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मार्मिक पोस्ट किया। ज्ञात हो कि मोदी सरकार देश के विभाजन के दौरान जान गंवाने वालों की याद में 2021 से 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में याद करती है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने देश के विभाजन के दौरान हुई हिंसा, विस्थापन और जान-माल के नुकसान को याद किया तथा इसके लिए तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा....

यह दिन उन लोगों के संघर्षों और बलिदानों की याद में हमारी स्मृतियों में रहेगा, क्योंकि विभाजन का दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता है। विभाजन के कारण हुई नफरत और हिंसा के कारण लाखों लोग विस्थापित हुए और कई लोगों ने अपनी जान गंवाई। यह उनके साहस का सम्मान करने का भी दिन है। यह दिन हमारे देश को एक सूत्र में पिरोने वाले सद्भाव के बंधन को मजबूत करने की हमारी स्थायी जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है।'

देश को बांटकर मां भारती के स्वाभिमान को चोट पहुंचाई

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा, 'देश के विभाजन और उसकी त्रासदी के शिकार लोगों के दर्द को याद कर संवेदना व्यक्त करने का दिन है। इस दिन कांग्रेस ने देश को टुकड़ों में बांटकर मां भारती के स्वाभिमान को चोट पहुंचाई। विभाजन के कारण हिंसा, शोषण और अत्याचार हुए और करोड़ों लोगों ने विस्थापन झेला। मैं उन सभी लोगों के प्रति मन की गहराई से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

पाकिस्तान ने 36 घंटे में मचा दी तबाही, मार डाले 62 आतंकी

कराची। पाकिस्तानी सेना ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तबाही मचा दी है। उत्तरी वजीरिस्तान और बन्नू जिलों में सुरक्षा बलों ने 36 घंटे से अधिक समय तक चले खुफिया जानकारी पर आधारित बड़े ऑपरेशन में 62 आतंकवादियों को मार गिराया है।

अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह से शुरू हुए इस अभियान में चार प्रमुख कमांडरों सहित 52 आतंकवादी उत्तरी वजीरिस्तान में मारे गए, जबकि बुधवार-गुरुवार को बन्नू में हुए अलग-अलग ऑपरेशनों में 10 आतंकवादी मारे गए और 16 घायल हो गए। सुरक्षा बलों के अनुसार आतंकवादी घने पेड़ों के नीचे छिपकर बैठे थे। उनकी सटीक पहचान के लिए क्वाडकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया, जिससे जमीनी बलों को सही निशाना लगाने में मदद मिली। कई घायल आतंकवादी भागने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें भी निशाना बनाया गया। इस अभियान में चार प्रमुख कमांडरों सहित कुल 52 आतंकवादी मारे गए।

छिपने के लिए मदरसे का किया इस्तेमाल

पुलिस के अनुसार, बन्नू में आतंकवादी एक मदरसे को छिपने की जगह के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे। फायरिंग शुरू करने से पहले सुरक्षा बलों ने आम नागरिकों की जान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे क्षेत्र को खाली करा लिया था। इसके बाद आतंकवादियों पर सटीक निशाना साधा गया। बन्नू में भी कई आतंकी ठिकाने नष्ट कर दिए गए। बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए।

सावरकर के खिलाफ आपत्तिजनक भाषण मामले में राहुल को राहत

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कीं शिकायते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ आपत्तिजनक भाषण के मामले में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राहत दी है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने सावरकर के विरुद्ध की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर दायर आपराधिक शिकायत और समन को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा, उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा दायर हलफनामे में स्वीकृति दिए जाने का कोई उल्लेख नहीं है। ऐसी स्थिति में मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश रद्द किए जाते हैं। बता दें कि पूरा इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंचा, जहां राहुल को राहत नहीं मिली, जिसके बाद वो सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट ने समन पर रोक लगा दी और शुक्रवार को शिकायत ही रद्द कर दी।

क्या है मामला?

अधिवक्ता नृपेंद्र पांडे ने राहुल गांधी द्वारा 17 नवंबर, 2022 को निकाली गई 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान की गई टिप्पणियों पर आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का सहयोगी और पेंशन लेने वाला बताया था। उनकी शिकायत पर राहुल के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।

अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद बादल दिल्ली रवाना

नांदेड़। महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक गुरुद्वारे में कृपाण से किए गए हमले में घायल शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल को सर्जरी के बाद शुक्रवार को यहां एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद वह दिल्ली रवाना हो गए। बता दें कि नांदेड़ शहर के बाहरी इलाके में स्थित गुरुद्वारा माता साहिब देवन जी मुगत में एक निहंग ने बादल पर हमला कर दिया था। उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने कहा कि पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री की करीब 90 मिनट तक सर्जरी हुई।

बच्चा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पुलिस ने बच्चों की तस्करी के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दिल्ली के एक आईवीएफ क्लिनिक में काम करने वाली नर्स भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने इस गिरोह का पर्दाफाश कर दो बच्चों को बरामद किया, जिन्हें कथित तौर पर एक स्थानीय मेले से अगवा किया गया था। पांच अगस्त को ओबरी गांव के एक मेले से चार साल का उर्वेश जबकि नौ अगस्त को उसी मेले से एक और बच्चा सुलेमान लापता हो गया था।



चौथे दिन भी जारी रही बाजार की सुस्ती, सेंसेक्स 71 अंक और निफ्टी में मामूली गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऊंची तेल कीमतों और अमेरिका-ईरान गतिरोध के लंबे समय तक बने रहने के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को कमजोरी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 71 अंक और निफ्टी में 30 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 70.71 अंक यानी 0.09 प्रतिशत गिरकर 78,009.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 395.59 अंक यानी 0.50 प्रतिशत गिरकर 77,684.37 अंक तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 29.85 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 24,366 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी में गिरावट का लगातार चौथा सत्र रहा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, इंडिगो, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और एचसीएल टेक के शेयर गिरावट में रहे।

कच्चे तेल की कीमतों और ईरान गतिरोध के बीच नरमी पर बंद हुआ शेयर बाजार

सेंसेक्स में 0.62 प्रतिशत की गिरावट

बीएसई सेंसेक्स में 489.92 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 204.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत नुकसान में रहा। ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, भारतीय शेयर बाजार कमोबेश स्थिर रुझान के साथ बंद हुए। अमेरिका-ईरान गतिरोध बने रहने और होर्मुज जलडमरुमध्य खुलने को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। अमेरिकी शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और अमेरिकी महंगाई के नरम आंकड़ों के बावजूद घरेलू बाजारों ने सतर्कता दिखाई।

मिडकैप में 0.13 प्रतिशत की कमजोरी

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.65 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.13 प्रतिशत की कमजोरी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में आवासीय वित्त खंड 1.40 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि मिडस्माल निजी बैंक सूचकांक 0.58 प्रतिशत, तेल एवं गैस खंड 0.45 प्रतिशत और ऊर्जा खंड 0.44 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं, अस्पताल खंड ने 1.49 प्रतिशत की तेजी दिखाई और दूरसंचार खंड में 0.86 प्रतिशत, बीमा खंड में 0.21 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 0.17 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स के शेयर 47 प्रतिशत चढ़कर बंद

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स लिमिटेड का शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य से करीब 47 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी ने 212 रुपए के निर्गम मूल्य से 34.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 285 रुपए प्रति शेयर पर शुरुआत की। बाद में यह 57.83 प्रतिशत चढ़कर 334.60 रुपए पर पहुंच गया। हालांकि कारोबार के अंत में यह 46.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 311.15 रुपए पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 284 रुपए के भाव पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 33.96 प्रतिशत की बढ़त है। कारोबार के अंत में 46.76 प्रतिशत चढ़कर 311.15 रुपए पर रहा। इस तरह शेयर सूचीबद्धता के दिन कंपनी का बाजार पूंजीकरण 1,232.35 करोड़ रुपए रहा। टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन मंगलवार को कुल 38.69 गुना अभिदान मिला था। करीब 251.88 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 200-212 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था।

खबर संक्षेप

ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का लाभ दोगुना

नई दिल्ली। कार्यस्थल प्रदाता ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 23.93 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का शुद्ध लाभ 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 10.03 करोड़ रुपए रहा था। आय बढ़कर 448.87 करोड़ रुपए हो गई।

4 प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध हुए लीप इंडिया के शेयर

नई दिल्ली। लीप इंडिया लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 159 रुपए से चार प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 166 रुपए पर शुरुआत की, जो निर्गम मूल्य से 4.40 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर शेयर 4.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 165.90 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ।

इंजीनियर्स इंडिया का लाभ बढ़ा, 109 करोड़ रु. पर पहुंचा

ENGINEERS INDIA LIMITED

